कोक स्टूडियो ने कलाकारों की लिस्ट जारी की

कोक स्टूडियो भारत ने सीजन 4 के साथ वापसी की है। देशभर के कलाकारों को एक मंच पर लाने और क्षेत्रीय धुनों व परंपराओं को नए रूप में पेश करने के लिए मशहूर यह प्लेटफॉर्म, इस बार 'द लिस्ट' के साथ नए सीजन का आगाज कर रहा है। अगर सीजन 3 ने दर्शकों को 'अर्ज किया है' जैसा गाना दिया था–जिसने भारत की कविता संस्कृति को आधुनिक रूप में पेश कर चार्ट्स में टॉप किया–और 'होली आई रे' जैसे फेस्टिव ट्रैक दिए, तो सीजन 4 इस सिलसिले को और गहराई तक ले जाते हुए भारत की स्थानीय कहानियों और मिट्टी की धुनों पर केंद्रित है।इस साल के लाइन-अप में आदित्य रिखारी, कुटले खान, रैवेटर, फहीम अब्दुल्ला, अर्सलान निजामी, मधुर शर्मा, अशोक मस्कीन, वैभव पानी, मोहम्मद फैज़, मामे खान, खुवाब, उत्पल उदित और रेखा भारद्वाज जैसे कलाकार शामिल हैं। यह कलाकारों का एक ऐसा बेजोड़ समूह है जो देश के अलग-अलग कोनों, अलग-अलग संगीत विरासतों और विविध श्रोताओं का प्रतिनिधित्व करता है।

क्राइम थ्रिलर 'दबिश' का धमाका

क्राइम थ्रिलर फिल्म दबिश 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। लेखक और निर्देशक मनोज त्रिपाठी की यह फिल्म भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ एक ईमानदार पुलिस अधिकारी की जंग को बड़े प्रभावशाली अंदाज़ में पेश करती है। फिल्म की कहानी डीएसपी रुद्र के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार आमिर मलिक ने निभाया है। रुद्र एक निडर और ईमानदार पुलिस अफसर है, जिसका तबादला एक नए शहर में होता है। अपने पहले ही दिन वह सिस्टम की सच्चाई से रूबरू होता है, जब सुगनी देवी नाम की महिला अपने पति की हत्या की एफआईआर दर्ज कराने आती है, लेकिन भ्रष्ट अधिकारी छेदी लाल उसे टालने की कोशिश करता है।रुद्र का हस्तक्षेप इस कहानी को एक नए मोड़ पर ले जाता है। मामला तब और गंभीर हो जाता है जब सुगनी देवी अपनी बेटी के अपहरण की शिकायत लेकर फिर उसके पास आती है। इस बार आरोप एक प्रभावशाली विधायक के बेटे भानु यादव पर है।

बर्फ की स्लैब पर शूट किया जेल सीन

शो 'जाने अनजाने हम मिले',में भरत अहलावत (राघव) और आयुषी खुराना (रीत) लीड रोल में नजर आ रहे हैं, अब अपने आने वाले एपिसोड्स में कृति के मर्डर के आरोप में राघव को जेल में डाल दिया जाता है।जहां राघव को कड़ी यातनाएं दी जाती हैं। इनमें एक सीन ऐसा भी है, जहां उसे बर्फ की स्लैब पर लिटाया जाता है और पुलिस उस पर जुर्म कबूल करवाने का दबाव बनाती है। स्क्रीन पर ये सीन जितना असरदार दिख रहा है, उतना ही इसे शूट करना भरत के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से मुश्किल रहा, क्योंकि उन्होंने असली बर्फ की स्लैब पर शूट किया और उनके शरीर को सीधे ठंड का सामना करना पड़ा।भरत ने बताया कि एक समय ऐसा भी आया जब उन्हें लगा कि उनका दिमाग काम करना बंद कर रहा है।

रोहिताश्व का बड़ा खुलासा

शो 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' में मनमोहन तिवारी के रूप में रोहिताश्व गौड़ अपनी बेमिसाल हास्य प्रतिभा से दर्शकों का मनोरंजन करना जारी रखा है। बहुत ही शानदार रहा है। शिल्पा और मैंने पहले भी स्क्रीन पर बहुत यादगार केमिस्ट्री बनाई थी, और दर्शकों को हमारी वो जोड़ी हमेशा पसंद आई। जब आप किसी के साथ लंबे समय तक काम करते हैं, तो एक नैचुरल कम्फर्ट और रिदम बन जाता है - खासकर कॉमेडी में जहां टाइमिंग बहुत मायने रखती है। बस इतना कहूंगा कि तिवारी जी अब पहले से भी ज्यादा उलझनों और हंसी-मजाक वाली परिस्थितियों में फंसने वाले हैं! मौजूदा रिसॉर्ट ट्रैक बहुत सारे अप्रत्याशित, गलतफहमियों, शातिर योजनाओं और क्लासिक मोहल्ले वाले ड्रामे लाएगा। कई बार तिवारी जी के प्लान धमाकेदार तरीके से फेल हो जाते हैं, और वो पल हमेशा सबसे ज्यादा मजेदार होते हैं।

तारा का नया प्रोमो आउट

स्टार प्लस का शो 'तारा' अपनी उलझी हुई और गहरी कहानी के साथ दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बना रहा है। शो में कनिका कपूर 'तारा' के रूप में और कृशाल आहूजा 'युवराज' के रोल में अपनी केमिस्ट्री से सबको दीवाना बना रहे हैं। तारा और युवराज के बीच का रिश्ता बचपन की दोस्ती से शुरू हुआ और प्यार में बदल गया, लेकिन समाज और हैसियत की दीवार ने युवराज को अपने दिल की बात परिवार से कहने से रोके रखा।अब मेकर्स ने एक नया प्रोमो रिलीज किया है, जिसने कहानी में एक बड़ा मोड़ ला दिया है। इस प्रोमो में युवराज और तारा के अतीत की एक झलक दिखाई गई है, जिसमें युवराज मंदिर में तारा की मांग में सिंदूर भरते हुए नजर आ रहे हैं, जो उनके उस अनकहे प्यार और पवित्र रिश्ते की गवाही दे रहा है।

नोरा-संजय के विवादित गाने पर महिला आयोग का एक्शन

राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) ने विवादित गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' को लेकर एक्ट्रेस नोरा फतेही और एक्टर संजय दत्त को नोटिस भेजा है। साथ ही गाने के गीतकार रकीब आलम, वेंकट के. नारायण (प्रोड्यूसर, KVN ग्रुप) और किरण कुमार (डायरेक्टर) समेत अन्य संबंधित लोगों को भी नोटिस जारी किया गया है। सभी को 24 मार्च को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। NCW ने चेतावनी दी है कि तय तारीख पर उपस्थित न होने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। NCW ने इस गाने के कथित अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर खुद संज्ञान लिया है। आयोग के मुताबिक, गाने के बोल पहली नजर में आपत्तिजनक और यौन संकेतों वाले लगते हैं, जो कानून का उल्लंघन कर सकते हैं।

रश्मिका मंदाना को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने 'तेलंगाना गदर फिल्म अवॉर्ड्स 2025' में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड अपने नाम किया है। 26 फरवरी को विजय देवरकोंडा के साथ शादी के बंधन में बंधने के बाद यह रश्मिका का पहला बड़ा पब्लिक अपीयरेंस था। इस मौके पर वे अपनी सास माधवी देवरकोंडा के साथ नजर आईं। अवॉर्ड समारोह का आयोजन 19 मार्च को 'उगादि' के मौके पर किया गया, जिसमें तेलुगु सिनेमा के कई बड़े सेलेब्स ने शिरकत की। रश्मिका मंदाना को उनकी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' में 'भूमा देवी' के किरदार के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। एक्टर राम चरण ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में रश्मिका को यह ट्रॉफी सौंपी। शादी के बाद यह रश्मिका का पहला बड़ा अवॉर्ड है।

रहमान डकैत की मौत पर अभिनेता रजत को हो रही थी रोने में दिक्कत

बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म धुरंधर 2 के निर्देशन की एक ओर जहां सराहना हो रही है, तो वहीं फिल्म के इमोशनल सीन्स ने भी दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है। फिल्म के कलाकार रजत अरोड़ा और विक्रम भाम्बरी ने हाल ही में अक्षय खन्ना के डेथ सीन को लेकर कई दिलचस्प बातें साझा की हैं। कलाकार रजत अरोड़ा ने बताया कि इस भावनात्मक सीन को शूट करना उनके लिए आसान नहीं था। उन्होंने निर्देशक आदित्य धर से पूछा था कि क्या वे अपने कॉन्टैक्ट लेंस हटा सकते हैं, क्योंकि इससे उन्हें रोने में दिक्कत हो रही थी। इस पर आदित्य धर ने उन्हें सीन की गहराई समझाते हुए कहा कि रहमान डकैत का किरदार उनके लिए पिता समान है, इसलिए उन्हें वही भावना लानी होगी जैसे अपने पिता के निधन पर होती है। रजत के मुताबिक, इस एक ब्रीफ ने पूरे सीन की दिशा बदल दी और सभी कलाकार उसी भाव में डूबकर अभिनय करने लगे। उन्होंने आगे बताया कि निर्देशक ने पूरी टीम से कहा था कि हर कलाकार को ऐसा महसूस करना है जैसे किसी बेहद करीबी का निधन हुआ हो। यही वजह रही कि सीन में नैचुरल इमोशन दिखा और दर्शकों को भी यह बेहद वास्तविक लगा। रजत ने यह भी कहा कि उनके सह-कलाकार दानिश इमोशनल सीन के बाद भी लंबे समय तक उसी जोन में रहते थे, जिससे उन्हें भी अपने अभिनय में गहराई लाने की प्रेरणा मिली।

दिव्यांका और विवेक के घर आने वाला है नया मेहमान

शादी के करीब दस साल बाद बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया अब अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे है। सोशल मीडिया पर दिव्यांका ने एक खास पोस्ट साझा कर अपनी प्रेग्नेंसी की जानकारी दी, जिसके बाद फैंस और इंडस्ट्री के सितारों की ओर से बधाइयों का तांता लग गया है। हाल ही में कपल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में दिव्यांका अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं, जबकि विवेक हर पल उनके साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। तस्वीरों में दोनों के चेहरे पर माता-पिता बनने की खुशी साफ झलक रही है। एक तस्वीर में विवेक दिव्यांका के बेबी बंप पर हाथ रखकर दिल का साइन बनाते दिखते हैं, तो दूसरी में दोनों एक-दूसरे को गले लगाकर मुस्कुराते नजर आते हैं। वहीं एक तस्वीर में कपल छोटे बेबी शूज के जरिए आने वाले नन्हे मेहमान का संकेत देता दिखाई देता है। इन तस्वीरों में दोनों ने व्हाइट कलर की ट्विनिंग आउटफिट पहनी है, जो उनकी खुशी को और भी खास बना रही है। फैंस इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर भी कर रहे हैं। पोस्ट के साथ कपल ने एक इमोशनल कैप्शन भी लिखा। उन्होंने कहा कि '10 साल बाद हमारी कहानी में एक नया मोड़ आया है।

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में गुढी

असित कुमार मोदी का 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक सांस्कृतिक घटना बन चुका है, जो गोकुलधाम सोसायटी के जीवंत निवासियों के माध्यम से भारत की विविधता को दर्शाता है। भिड़े के चरित्र के माध्यम से, जिन्हें प्यार से 'एकमेव सेक्रेटरी' कहा जाता है, यह शो पारंपरिक महाराष्ट्रीयन मूल्यों–अनुशासन, शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और भाषा के प्रति गर्व है। पेशे से ट्यूशन शिक्षक और व्यवस्था व परंपरा में दृढ़ विश्वास रखने वाले भिड़े, अक्सर जेठालाल के सहज स्वभाव के विपरीत नजर आते हैं।मराठी संस्कृति केवल मौजूद ही नहीं है, बल्कि शो के हर पहलू में सहज रूप से बुनी गई है। गुढ़ी पाडवा, जो मराठी नववर्ष है, के भव्य उत्सव का चित्रण भी इस प्रामाणिकता का एक और उदाहरण है। भिड़े की बालकनी के बाहर सजी हुई सुंदर गुढ़ी से लेकर पारंपरिक कटहल (जैकफ्रूट) के व्यंजनों की खुशबू तक, ये दृश्य महाराष्ट्रीयन घरों की खुशी, आस्था और खानपान की विरासत को जीवंत कर देते हैं।

फिल्म रिव्यू :आईना

राजेश खन्ना व मुमताज की मूवी 'आईना' जो 1977 में रीलिज हुई थी ।। एक पारिवारिक मूवी है।

इस फिल्म की ऐसी करुण कथा है । जिसे देख सुन कर किसी का भी हृदय द्रवित हो उठेगा ।।

एक लड़की जो अपने माता पिता के साथ साथ अपने भाई बहनों का भी पेट पालती है। परिवार में कुल दस लोग रहते हैं।?

मगर कमाने वाला एक भी नहीं खाने को रोटी तक नहीं थी उन लोगों के पास भूख से तड़प तड़प कर मरने की नौबत तक आ गयी थी। मगर उस घर के लोगों ? सपने बड़े बड़े थे । मगर उनका दिल बड़ा छोटा था । घर में खाने को एक दाना तक ना था और ख्वाब बड़े बड़े पल रहे थे। किसी को डाक्टर बनना था तो किसी को गायिका किसी को पिक्चर



देखना था तो किसी को अपने वसूल को जिंदा रखना था ।भले ही संतानें भूख से तड़प तड़प कर मर जाए।

ऐसे में सबकुछ संभालने की जिम्मेदारी उठाई घर की बड़ी बेटी ने उस ने कहा आज से मैं तुम सबकी मां हूं और मेरे जीते जी मैं किसी को भी भूख से मरने नहीं दूंगी ।। उस ने अपनी छोटी सी उम्र में घर की सारी जिम्मेदारी अपने सर ले ली ।? नौकरी की और सबका भरण पोषण करने लगी । मगर एक जरुरत के पुरा होते ही दूसरी फन फैलाए सामने आ खड़ी हो जाती । अपने भाई की डाक्टरी की पढ़ाई के लिए उस ने क्या कुछ नहीं किया । यहां तक की उस ने स्वयं को नरक की आग तक में झोंक दिया अर्थात् स्वयं को बेच दिया और वहीं भाई जब डाक्टर बन कर घर वापस आया और जब उसे पता चला कि उसकी बहन एक वैश्या का काम करती है तो उस भाई ने उसे कुलटा वैश्या और ना जाने क्या क्या कह कर उसे उसके बनाए घर से धक्के मार कर बाहर निकाल दिया ..!! पिता ने भी उससे मुंह फेर लिया ।?जो कल तक अपनी बेटी को देवी कह कर बुलाता था । ऐसे में एक आम इंसान जिसके साथ उसका खून का कोई रिश्ता नहीं था । उस ने उसका हाथ थामा उसका साथ दिया उसका सहारा बना । इस कहानी से तो यही सीख मिलती है। कि कभी किसी अपने के लिए कोई कुर्बानी ना दी जाए ।

किरण काजल बेंगलुरु